# कार्यालयः प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी

Email:-asmckaushambi22@gmail.com Web- www.asmckaushambi.in


पत्रांकः ए0एस0एम0सी0 / विज्ञापन / कौशाम्बी / 2025–26 / 1667 दिनांकः 22/11/25

—:: विज्ञप्तिः:—

## नान पी0जी0 जे0आर0 हॉस्पिटल प्रशासन के रिक्त पदों का विवरण

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश के कार्यालय पत्रांक एम.ई.–3 / 2024 / 2443 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर 2024 के क्रम में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी की चिकित्सा व्यवस्था एवं चिकित्सीय सुविधाओं के बेहतर प्रबन्ध किये जाने हेतु 02 नॉन पी0जी0 जे0आर0 हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (Hospital Adminstration) पद हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जा रहे है।

**नियमानुसार पदों का विवरण निम्नवत है।**

**(नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट– हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) (ग्रेड पे–5400, वेतनमान 15600–39100)**

| क्र0स0 | पद | कुल योग |
|---|---|---|
| 1 | नान पी0जी0 जे0आर0 हॉस्पिटल प्रशासन (संविदा) | 02 ( 01 OBC & 1 SC) |

नान पी0जी0 जे0आर0 हॉस्पिटल प्रशासन (संविदा) के 02 रिक्त पदो पर चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक 09.12.2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कादीपुर कौशाम्बी के प्रधानाचार्य कार्यालय में होगा। अभ्यर्थियों को समस्त मूल प्रमाण पत्रो एवं एक सेट सत्यापित छायाप्रति के साथ दो फोटो लाना अनिवार्य है। साक्षात्कार के समय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष से ज्यादा और अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र 6 माह से ज्यादा का मान्य नही होगा, उपरोक्त प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त प्रारूप पर ही मान्य होगा। पदो की संख्या घट एवं बढ सकती है।

चयन विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशो / नियमों के अनुसार किया जायेगा।

**नियुक्ति की शर्ते निम्नवत है।**

**नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट– (हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)**

- आवेदक की अर्हता एम०बी०बी०एस० बी०डी०एस० एवं किसी भी चिकित्सीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी० जी० डिग्री मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन है।
- अभ्यर्थी की आयु नियुक्त के समय अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।
- यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्य कर रहे है तो उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- हॉस्पिटल एडमिनेस्ट्रेशन का कार्यकाल अधिकतम 01 वर्ष के लिए होगा, जिसे विस्तारित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र का प्रारूप स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी की वेवसाइट **www.asmckaushambi.in** पर उपलब्ध है।

H.K. Singh

प्रधानाचार्य

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय

कौशाम्बी।